# 10 मेले का आनंद

QRickit

0225CH10

रूपल को मेले में जाना बहुत पसंद है। वह अपने मित्रों के साथ पास के मेले में गई। उसकी माँ ने उसे ₹50 दिए। उसने अधिकतर पैसे झूला झूलने में खर्च कर दिए।




मेलों में बच्चे क्या-क्या करते हैं, वे किसके साथ जाते हैं, क्या खरीदते हैं और वहाँ कितना खर्च करते हैं, इस विषय में चर्चा करें।


© NCERT not to be republished

## मैंने कितना खर्च किया?






₹10









कुल खर्च ☐

| रूपल की माँ द्वारा दिए गए पैसे | − | खर्च हुए पैसे | = | रूपल के पास बचे हुए पैसे |
|---|---|---|---|---|

## रूपल की एक मित्र के पास ₹50 में से ₹8 बचे थे। पता कीजिए कि उसने कुल कितने रुपये खर्च किए।



मेरे पास ₹8 बचे हैं और मैंने ₹20 का झूला झूला, कुल ₹28 हुए। फिर मैंने ₹20 खाने-पीने में खर्च किए, कुल हुए ₹48। मैंने ₹2 की टॉफी खाई, कुल हुए ₹50। मैंने कुल ₹42 खर्च किए।

| |
|---|
| ₹8 + ₹20 = ₹28 |
| ₹28 + ₹20 = ₹48 |
| ₹48 + ₹2 = ₹50 |
| ₹42 |



यदि आपके पिताजी ने आपको मेला देखने के लिए ₹40 दिए हों एवं आपके पास ₹3 बचे हैं, तो पता कीजिए कि आपने कुल कितने रुपये खर्च किए?

© NCERT not to be republished



## आओ ढूँढ़े

### खरीदने के लिए कुल कितने पैसे की आवश्यकता होगी?

| झूला | टिकट | धन राशि |
|---|---|---|
| ₹20  | 2 | ₹______ |
| ₹10  | ______ | ₹30 |
| ₹15  | 2 | ₹______ |

हमने देखा कि रूपल ने अलग-अलग मूल्य के नोट एवं सिक्के उपयोग किए हैं। अलग-अलग मूल्य के नोट नीचे दिखाए गए हैं।




₹100




₹200




₹500






© NCERT not to be republished

# पता कीजिए कि ₹500 के नोट पर ₹500 कितनी बार लिखा है?




क. पाँच सौ रुपये शब्दों में ______________ बार

ख. 500 अंकों में ______________ बार






बच्चों से उनके आस-पास लगने वाले मेलों पर चर्चा कीजिए, जैसे— वे किसके साथ मेले में जाते हैं? वे क्या खरीदते हैं? वे कितना खर्च करते हैं? बच्चों से भारतीय मुद्रा एवं उनकी विशेषताओं के विषय में पूछिए। दिव्यांगों के लिए नोट पर दी गई विशेषताओं पर चर्चा कीजिए, जैसे— नोट के किनारे पर बनी रेखा, नोट पर लिखी संख्याएँ आदि।



© NCERT not to be republished



**तेजल की दादी ने उसे कुछ पुराने सिक्के दिखाए, जो उसने पहले कभी नहीं देखे थे। नीचे ऐसे ही कुछ सिक्के दिखाए गए हैं**




25 पैसे | 50 पैसे | 10 पैसे | 20 पैसे

दादी माँ ₹1 देने के लिए 50 पैसे के 2 सिक्के देती थीं।




50 पैसे + 50 पैसे = 1 रुपया

**100 पैसे = 1 रुपया**

**बताइए कि ₹1 देने के लिए 25 पैसे के कितने सिक्के देने होंगे? नीचे दिए गए बॉक्स में चित्र बनाइए।**

= ₹1 या
100 पैसे

**20 पैसे के कितने सिक्के ₹1 बनाएँगे?** ______

© NCERT not to be republished




# गुब्बारा फोड़ो

मटरू के सामने एक 'गुब्बारा फोड़ो' खेल आता है। उसे ₹10 के लिए 3 अवसर मिलेंगे। आइए, देखें कि मटरू कितने रुपये जीतता है।




## मटरू को गुब्बारा फोड़ने पर कितने रुपये मिलेंगे?

| | |
|---|---|
|  | ₹3 |
|  | |
|  | |
|  | |

© NCERT not to be republished

यदि वह नीचे लिखी धनराशि प्राप्त करना चाहता है तो उसे कौन-से गुब्बारे फोड़ने होंगे, उन्हें बनाइए और रंग भरिए।

| | |
|---|---|
| | ₹17 |
| | ₹22 |
| | ₹31 |

सबसे अधिक पैसे जीतने के लिए आप कौन-से तीन गुब्बारे फोड़ेंगे? उनके चित्र बनाइए और रंग भी भरिए।

जीती गई कुल राशि = ______

यदि मटरू के पास चार अवसर हैं तो वह कौन-से गुब्बारे फोड़े, जिससे उसे अधिक पैसे मिलें? उनके चित्र बनाइए और रंग भी भरिए।

जीती गई कुल राशि = ______


© NCERT not to be republished





## आओ करें

### आइए, देखें कि हम ₹66 किस-किस तरह से चुका सकते हैं।






दी गई धनराशि को अलग-अलग नोटों और सिक्कों का उपयोग करके अलग-अलग तरीकों से बनाइए।

| धनराशि | ₹1 | ₹2 | ₹5 | ₹10 | ₹20 | ₹50 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | — | 2 | — | 3 | 1 | — |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 85 | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

© NCERT not to be republished

# आओ खरीदें




| वस्तु | खरीदने के लिए आवश्यक धन | आपके पास धन | शेष धन/ आवश्यक धन |
|---|---|---|---|
|  | ₹ ________ |  | ₹ ________ |
|  | ₹ ________ |  | ₹ ________ |
|  | ₹ ________ |  | ₹ ________ |

कुछ मौखिक प्रश्न भी पूछें, जैसे— ₹40 में क्या-क्या खरीद सकते हैं? इतने रुपये में क्या नहीं खरीद सकते। टॉफी, बिस्किट या सामान खरीदने के उनके अनुभवों पर बात कीजिए।

© NCERT not to be republished

## आओ करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹ 18 <br> + ₹ 32 <br> ______ <br> ______ | ₹ 15 <br> + ₹ 27 <br> ______ <br> ______ | ₹ 47 <br> + ₹ 50 <br> ______ <br> ______ | ₹ 22 <br> + ₹ 35 <br> ______ <br> ______ |




क. जयंत ने ₹25 पैन पर और ₹40 कॉपियों पर खर्च किए। उसने कुल कितना रुपये खर्च किए?

ख. मीरा के पास ₹43 हैं। कनिका के पास मीरा से ₹14 अधिक है। कनिका के पास कितने रुपये हैं?

ग. एक ब्रैड के पैकेट की कीमत ₹30 है और चॉकलेट की कीमत ₹60 है। विवेक को ये वस्तुएँ खरीदने के लिए कितने रुपयों की आवश्यकता है?

घ. अजय के पास ₹58 हैं। उसने बाजार में ₹48 खर्च कर दिए। अब उसके पास कितने रुपये बचे हैं?

## परियोजना कार्य

जब आप माता-पिता के साथ बाजार जाएँ, तो खरीदी गई वस्तुओं की सूची बनाइए एवं खर्च किए गए पैसों का हिसाब लगाइए।

ऐसे अन्य संदर्भों पर बच्चों से चर्चा कीजिए एवं प्रश्न पूछिए कि वे जोड़ करेंगे या घटाएँगे। चर्चा के माध्यम से बच्चों में धन की बचत करने पर बातचीत कीजिए।

© NCERT not to be republished